## 6.8 अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार की वस्तुएँ (Commodities of International Trade)

### पशु जन्य वस्तुएँ (Animal Products)

**दूध (Milk)** : जमाये हुए और चूर्ण रूप में दूध (Condensed and Powdered Milk) का सबसे अधिक निर्यात नीदरलैण्ड, डेनमार्क तथा संयुक्त राज्य अमेरिका करतें हैं। इनके अतिरिक्त कनाडा, स्विटजरलैण्ड, फ्रांस, नार्वे, आस्ट्रेलिया और आयरलैण्उ भी दूध का **निर्यात** करते हैं। इसका **आयातक** देश ग्रेट ब्रिटेन, जर्मनी इण्डोनेशिया, दक्षिण अफ्रीका और जापान हैं।

**पनीर (Cheese)** : पनीर का सर्वाधिक **निर्यात** नीदरलैण्ड तथा न्यूजीलैण्ड करते हैं। निर्यात करने वाले दूसरे देश कनाडा, फ्रांस, डेनमार्क, स्विटजरलैण्ड तथा इटली हैं। व्यापार में आने वाले पनीर का आधे से अधिक आयात ग्रेट ब्रिटेन, 9 प्रतिशत संयुक्त राज्य और एक चौथाई **आयात** यूरोप के दूसरे औद्योगिक देश करते हैं।

**मांस (Meat)** : इसका सबसे अधिक **निर्यात** अर्जेण्टाइना करता है। दूसरे निर्यातक देश न्यूजीलैण्ड, ऑस्ट्रेलिया, डेनमार्क तथा संयुक्त राज्य हैं। इसका मुख्य आयातक देश ग्रेट ब्रिटेन, जर्मनी, फ्रांस तथा इटली हैं।

अर्जेण्टाइना, डेनमार्क, नीदरलैण्ड, कनाडा, संयुक्त राज्य तथा आयरलैण्ड सूअर का मांस एवं चीन तथा रुस सूअर के बालों के महत्वपूर्ण निर्यातक हैं। बढ़िया किस्म का चमड़ा (Hides & Skin) संयुक्त राज्य, रुस, यूक्रेन, अर्जेण्टाइना, ब्राजील, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैण्ड, जर्मनी, कनाडा तथा ग्रेट ब्रिटेन, एवं हल्की किस्म की खालें तथा चमड़ा भारत, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका संघ, टर्की, चीन, युरुग्वे से प्राप्त होते हैं। पश्चिमी यूरोपीय देश तथा संयुक्त राज्य मुख्य **आयातक** हैं।

**ऊन (Wool)** : ऊन का **निर्यात** तीन दक्षिणी महाद्वीपों के सभी उत्पादक देश करते हैं, जिसमें ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैण्ड, अर्जेण्टाइना, दक्षिण अफ्रीका संघ तथा युरूग्वे प्रमुख हैं। दूसरे **निर्यातक** देश भारत, चीन तथा अल्जीरिया हैं। **आयातक** देशों में संयुक्त राज्य, फ्रांस, ग्रेट ब्रिटेन, जर्मनी, जापान तथा बेल्जियम प्रमुख हैं।

**रेशम (Silk) :** रेशम के व्यापार में जापान सबसे आगे है। यह विश्व के सम्पूर्ण **निर्यात** के तीन चौथाई पर कब्जा जमाये हुए हैं। इसके बाद चीन (7प्रतिशत) का स्थान है। दूसरे निर्यातक देश फ्रांस, संयुक्त राज्य, इटली तथा दक्षिणी कोरिया हैं। जर्मनी तथा ग्रेट ब्रिटेन मुख्य **आयातक** देश हैं।

## कृषि जन्य वस्तुएं (Agricultural Products)

**चावल (Rice) :** इण्डोनेशिया, अरब गणराज्य (मिस्र), ईरान, इराक, ब्राजील, थाईलैण्ड, म्यांमार, श्रीलंका, कम्पूचिया, ताइवान तथा वियतनाम चावल के मुख्य निर्यातक देश है। इसके मुख्य आयातक भारत, चीन, जापान, फ्रांस, क्यूबा, मलेशिया, इण्डोनेशिया, जर्मनी, तथा संयुक्त राज्य हैं।

**गेहूँ (Wheat) :** प्रति वर्ष लगभग 4 करोड़ टन गेहूँ और शेष कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, अर्जेण्टाइना तथा संयुक्त राज्य **निर्यात** करते हैं। इसका **आयातक** देशों में ग्रेट ब्रिटेन, जर्मनी, बेल्जियम, नीदरलैण्ड, ब्राजील, डेनमार्क, इटली, जापान, चीन, मंचूरिया, और भारत शामिल हैं।

**मक्का (Maize) :** मक्के के कुल उत्पादन का केवल 6 प्रतिशत का व्यापार होता हैं। अर्जेण्टाइना अपने कुल उत्पादन का तीन चौथाई का **निर्यात** करता है। दूसरे निर्यातकों में दक्षिण अफ्रीका संघ, हंगरी, रुमानिया, बलगारिया, युगोस्लाविया तथा रुस शामिल है। जर्मनी, ग्रेट ब्रिटेन, इटली, नीदरलैण्ड, बेल्जियम, जापान, तथा फ्रांस इसके मुख्य **आयातक** हैं।

**जौ (Barley) :** रूस, अर्जेण्टाइना, यूक्रेन, कजाकस्तान, पोलैण्ड, कनाडा, संयुक्त राज्य, रुमानिया, तथा उत्तरी अफ्रीका जौ के प्रमुख निर्यातक देश हैं एवं ग्रेट ब्रिटेन, जर्मनी, फ्रांस, डेनमार्क, बेल्जियम और नीदरलैण्ड इसके प्रमुख **आयातक** देश हैं।

**जई (Oats) :** विश्व के कुल उत्पादन का मात्र 5 प्रतिशत जई का व्यापार होता हैं। इसके मुख्य **निर्यातक** देश चिली, अर्जेण्टाइना, रूस, यूक्रेन, कनाडा तथा संयुक्त राज्य हैं और मुख्य **आयातक** देश ग्रेट ब्रिटेन, स्विटजरलैण्ड, इटली, बेल्जियम, नीदरलैण्ड, ऑस्ट्रेलिया और डेनमार्क हैं, जहाँ बड़े पैमाने पर पशु-पालन होता है।

**राई (Rye) :** राई का विश्व व्यापार नगण्य है। इसके **निर्यातक** देश पोलैण्ड, रुस, युक्रेन, बेलारुस, जर्मनी, तथा हंगरी है। मुख्य **आयातकों** में बेल्जियम, नार्वे, डेनमार्क, नीदरलैण्ड, तथा फिनलैण्ड शामिल है।

## पेय पदार्थ (Drinks)

**चाय (Tea) :** चाय का अधिकांश व्यापार राष्ट्रमण्डल के देशों के बीच होता है। इसके प्रमुख **निर्यातक** भारत, श्री लंका, जापान, बांग्लादेश तथा चीन हैं। इनके अतिरिक्त केवल इण्डोनेशिया बड़ी मात्रा में चाय निर्यात करता है। दूसरे निर्यातक देशों में कीनिया, तंजानिया, युगाण्डा, तथा न्यासालैण्ड शामिल हैं जो मुख्यत: ग्रेट ब्रिटेन को चाय भेजते हैं। चाय के प्रमुख **आयातक** देश ग्रेट ब्रिटेन, संयुक्त राज्य, कनाडा, मिस्र, फ्रांस, इराक, और दक्षिण अफ्रीका संघ हैं। राष्ट्रमंडल के बाहर संयुक्त राज्य बड़ी मात्रा में चाय का आयात करता है।

**कहवा (Coffee) :** विश्व की कुल मांग का आधा ब्राजील और बाकी आधा कोलम्बिया, इण्डोनेशिया, साल्वेडोर, ग्वाटेमाला तथा भारत पूर्ती करते हैं। कॉफी के **आयातकों** में संयुक्त राज्य, जर्मनी, फ्रांस, बेल्जियम, इटली, स्वीडेन, डेनमार्क, स्विटजरलैण्ड तथा नार्वे प्रमख हैं।

**कोको (Cocoa) :** घाना, ब्राजील तथा नाइजीरिया मिल कर विश्व के कुल कोको **निर्यात** का 75 प्रतिशत योगदान करते हैं। इसका निर्यात डोमिनीकन, फ्रांसीसी कैमरुन, पश्चिमी अमेरिका, वेनेजुएला, इक्वेडोर, कोलम्बिया इत्यादि भी करते हैं। कोको के मुख्य **आयातक** देश संयुक्त राज्य, ग्रेट ब्रिटेन, स्पेन, फ्रांस, जर्मनी तथा नीदरलैण्ड हैं।

## रेशेदार उत्पाद (Fibrous Products)

**कपास (Cotton)** : कपास अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार की एक प्रमुख वस्तु है । इसका **निर्यात** ब्राजील, संयुक्त राज्य, कीनिया, सूडान, पेरु, पाकिस्तान, युगाण्डा, भारत, मिस्र करते हैं और इसका **आयात** ग्रेट ब्रिटेन, जापान, जर्मनी, फ्रांस, इटली, चीन, बेल्जियम, नीदरलैण्ड, कनाडा, चैक गणराज्य तथा स्लोवाक गणराज्य करते हैं ।

**जूट (Jute)** : भारत से बहुत कम जूट का **निर्यात** होता है । भारत में अधिकांश जूट बांग्लादेश से आता है । यहाँ से कुछ जूट जर्मनी, जापान, ग्रेट ब्रिटेन, फ्रांस, तथा संयुक्त राज्य को निर्यात किया जाता है । इसके प्रमुख **आयातक** जर्मनी, संयुक्त राज्य अमेरिका, ग्रेट ब्रिटेन, कनाडा, फ्रांस, जापान, अफ्रीकी देश तथा अर्जेण्टाइना हैं ।

**सन (Flax)** : सन का प्रमुख निर्यातक रुस, बेल्जियम तथा अर्जेण्टाइना हैं ।

## 6.9 औद्योगिक, कृषित तथा बागानी उत्पाद (Industrial, Agricultural and Plantation Product)

**गन्ना (Sugarcane)** : गन्ना उष्ण कटिबंधीय प्रदेशों से निर्यात किया जाता है । क्यूबा, जावा, पोर्टोरिको, फिलीपिन्स, मारीशस इत्यादि इसके मुख्य निर्यातक देश हैं । अग्रणी आयातक देशों में संयुक्त राज्य अमेरिका तथा ग्रेट ब्रिटेन का प्रमुख स्थान है । संयुक्त राज्य, फिलिपिन्स, पोर्टोरिको तथा डोमोनिकन रिपब्लिक से शक्कर मंगाता है । दूसरे आयातक देश फ्रांस तथा जर्मनी के अतिरिक्त जापान, चीन तथा पाकिस्तान हैं ।

**चुकन्दर (Sugar Beet)** : अधिकांश उत्पादक देशों में आन्तरिक उपभोग अधिक होने के कारण कुछ ही देश चुकन्दर का निर्यात करते हैं । चुकन्दर की शक्कर का निर्यात पोलैण्ड, चैक गणराज्य तथा स्लोवाक गणराज्य करते हैं । आयातक देशों में जापान तथा संयुक्त राज्य अमेरिका प्रमुख हैं ।

**तम्बाकू (Tobacco)** : विश्व के कुल उत्पादन का लगभग 20 प्रतिशत तम्बाकू का व्यापार होता है । इसके मुख्य निर्यातक देश क्यूबा, पोर्टोरिका, इण्डोनेशिया, ब्राजील, जिम्बाब्वे, यूनान, मिस्र, टर्की, बल्गारिया तथा फिलीपीन्स और मुख्य आयातक देश ग्रेट ब्रिटेन, जर्मनी संयुक्त राज्य अमेरिका, फ्रांस, चीन, कनाडा तथा यूरोप के लगभग सभी देश हैं ।

**रबड़ (Rubber)** : प्राकृतिक रबड़ के प्रमुख निर्यातक मलेशिया, हिन्देशिया, थाईलैण्ड, श्री लंका, कम्पूचिया, तथा दक्षिणी वियतनाम तथा मुख्य आयातक संयुक्त राज्य अमेरिका, ग्रेट ब्रिटेन, फ्रांस, भारत, जर्मनी, नीदरलैण्ड, बेल्जियम, जापान तथा इटली है ।

**मछली (Fish)** : अधिकांश मछलियां गृह उपभोग के लिए पकड़ी जाती हैं । अतएव मछलियों का अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार नाम मात्र का होता है । न्यूफाउिण्डलैण्ड, लैब्रेडोर, कनाडा, नार्वे इत्यादि में जनसंख्या का आकार छोटा होने के कारण इन देशों से डिब्बाबन्द मछलियां यूरोपीय देशों को निर्यात की जाती है । आयातक देशों में ग्रेट ब्रिटेन, संयुक्त राज्य अमेरिका, जर्मनी, फ्रांस, इटली, स्पेन, चीन और पुर्तगाल प्रमुख हैं ।

## खनिज पदार्थ (Mineral Products)

**लौह अयस्क (Iron Ore)** : वजनी एवं कम कीमती होने के कारण लौह अयस्क का अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार कम होता है । इसका सबसे अधिक व्यापार पश्चिमी यूरोपीय देशों के बीच होता है । इसका निर्यातक देश स्वीडन, फ्रांस, चिली, अल्जीरिया, वेनेजुएला, ब्राजील, कनाडा, नार्वे, दक्षिणी अफ्रीकी संघ तथा स्पेन हैं । आयातक देशों में ग्रेट ब्रिटेन संयुक्त राज्य अमेरिका, जापान, जर्मनी, नीदरलैण्ड तथा लक्समबर्ग प्रमुख हैं ।

**मैंगनीज (Manganese)** : मैंगनीज के मुख्य निर्यातक देश रुस, भारत, घाना, मोरक्को, दक्षिणी अफ्रीकी तथा ब्राजील है और मुख्य आयातक देश संयुक्त राज्य अमेरिका, ग्रेट ब्रिटेन, जर्मनी, फ्रांस, बेल्जियम, कनाडा, गणराज्य तथा स्लोवाकिया और जापान हैं ।

**ताँबा (copper)** : ताँबा निर्यातक देशों में संयुक्त राज्य अमेरिका, चिली, जाम्बिया, मेक्सिको, जैरे, पेरु, साइप्रस तथा फिलीपीन्स अग्रणी हैं । निर्यातक देश मलेशिया, म्यांमार, थाईलैण्ड, नाइजीरिया, इण्डोनेशिया तथा बोलिविया हैं । इसका आयात मुख्यत: ग्रेट ब्रिटेन, संयुक्त राज्य अमेरिका, जर्मनी, फ्रांस, ईरान, जापान और रूस करते हैं ।

**सोना (Gold)** : सोना निर्यातक देशों में ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीकी संघ, जापान, घाना, कनाडा, कोलम्बिया तथा जिम्बावें प्रमुख हैं और आयातक देशों में ग्रेट ब्रिटेन, संयुक्त राज्य अमेरिका, जर्मनी, भारत, फ्रांस तथा इटली ।

**चांदी (Silver)** : मेक्सिको, कनाडा, पेरु, ऑस्ट्रेलिया, एवं बोलीविया चांदी का निर्यात करते हैं । आयातक देशों में ग्रेट ब्रिटेन, फ्रांस, भारत, जर्मनी, चीन, तथा जापान का प्रमुख स्थान है ।

**सीसा (Lead)** : इसका मुख्य निर्यातक देश ऑस्ट्रेलिया, मेक्सिको, स्पेन और पेरु तथा आयातक ग्रेट ब्रिटेन, जर्मनी, जापान, और भारत हैं ।

**जस्ता (Zinc)** : संयुक्त राज्य अमेरिका, मेक्सिको, आस्ट्रेलिया, इटली, नार्वे, पेरु, स्पेन, स्वीडन, जैरे, कनाडा, दक्षिणी अफ्रीकी संघ तथा म्यांमार जस्ते का मुख्य निर्यातक देश हैं एवं ग्रेट ब्रिटेन, रूस, फ्रांस और भारत मुख्य **आयातक** देश हैं ।

**बॉक्साइट (Bauxite)** : इसका निर्यात कनाडा, फ्रांस तथा गुयाना क्रम से ग्रेट ब्रिटेन तथा संयुक्त राज्य अमेरिका, ग्रेट ब्रिटेन, जर्मनी, स्विटजरलैण्ड तथा नार्वे एवं संयुक्त राज्य अमेरिका को करते है । नार्वे भी बॉक्साइट का निर्यात करता है ।

**अभ्रक (Mica)** : दक्षिणी अफ्रीकी संघ, ब्राजील तथा भारत अभ्रक का निर्यात एवं संयुक्त राज्य अमेरिका, यूरोपीय देश तथा जापान इसका आयात करते हैं ।

**कोयला (Coal)** : विश्व उत्पादन का मात्र 10 प्रतिशत कोयले का अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार होता है । विश्व व्यापार का लगभग 25 प्रतिशत संयुक्त राज्य अमेरिका, जर्मनी तथा ग्रेट ब्रिटेन के हाथ में है । इनके अतिरिक्त रुस और पोलैण्ड कोयले का निर्यात करते है । आयातक देशों में फ्रांस, कनाडा, वेल्जियम, इटली, डेनमार्क, स्पेन, नार्वे, स्वीडेन तथा अर्जेण्टाइना प्रमुख हैं ।

**खनिज तेल (Mineral Oil)** : वेनेजुएला, कोल्बिया, रुमानिया, संयुक्त राज्य अमेरिका, मेक्सिोको, इराक, ईरान, कुवैत, सऊदी अरब, म्यांमार, इण्डोनेशिया, अल्जीरिया एवं लीबिया खनिज तेल का मुख्य निर्यातक देश हैं। पते की बात यह है कि खनिज तेल का सर्वाधिक व्यापार उत्पादक देशों के बीच होता है । गृह उत्पादन काफी होने के बावजूद संयुक्त राज्य अमेरिका कोलम्विया, वेनेजुएला तथा मेक्सिको से तेल आयात करता है । दूसरे आयातक देशों में फ्रांस, जर्मनी, बेल्जियम, इटली, कनाडा, जापान और भारत हैं ।

**कारखानों के उत्पाद (Industrial Products)**

**लोहा तथा इस्पात (Iron & Steel)** : जापान, जर्मनी, बेल्जियम, लक्समबर्ग, फ्रांस, रुस और ग्रेट ब्रिटेन इस्पात के मुख्य निर्यातक देश हैं एवं संयुक्त राज्य अमेरिका, इटली, दक्षिणी-पूर्वी एशिया के देश, ऑस्ट्रेलिया इत्यादि इसको मुख्य आयातक देश हैं ।

**सूती वस्त्र (Cotton Textile)** : सूती वस्त्र के मुख्य निर्यातक देश ग्रेट ब्रिटेन, जापान, संयुक्त राज्य अमेरिका, भारत, रुस, एवं इटली है । आयातक देशों में म्यांमार, थाईलेण्ड, श्रीलंका, पाकिस्तान, इण्डोनेशिया, मिस्र, दक्षिण अफ्रीकी संघ तथा दक्षिणी अमेरिका के देश शामिल हैं ।

**ऊनी वस्त्र (Woollen Textile)** : इसका मुख्य निर्यातक देश ग्रेट ब्रिटेन, संयुक्त राज्य अमेरिका तथा जापान एवं आयातक देश चीन, भारत तथा दूसरे यूरोपीय देश हैं ।